# उपकार तेरा होगा गुरुवर मेरे मन के भावों को कहने दो

उपकार तेरा होगा गुरुवर,
मेरे मन के भावों को कहने दो,
ये राग रंग मुझे भाए ना,
मुझे अपने ही चरणों में रहने दो,
ऊपकार तेरा होगा गुरुवर,
मेरे मन के भावों को कहने दो।bd।

---

अंतहीन इस भव-सागर से,
जिनवाणी ही पार लगाए,
आप दीप बन खुद भी जलते,
और हमको भी राह दिखाएं ;
आगम-नौका में हे गुरुवर,
मुझे संग में अपने बहने दो,
ऊपकार तेरा होगा गुरुवर,
मेरे मन के भावों को कहने दो।bd।

---

जैसे तुम शिव-पथ पर चलते,
मुझको भी वेसे चलना है,
भव्य जनों के तुम हो पोषक,
चरणों मे तेरे पलना है,
अपने सा वैरागी करके,
मुझको भी परिषह सहने दो,
ऊपकार तेरा होगा गुरुवर,
मेरे मन के भावों को कहने दो।bd।

---

उपकार तेरा होगा गुरुवर,
मेरे मन के भावों को कहने दो,
ये राग रंग मुझे भाए ना,
मुझे अपने ही चरणों में रहने दो,
ऊपकार तेरा होगा गुरुवर,
मेरे मन के भावों को कहने दो।bd।

**– Lyrics/Composition/Voice –**
डॉ. राजीव जैन चंडीगढ़।
**8136086301**

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com